>

Title: Need to provide financial assistance for pure drinking water in Jodhpur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं पोखरण की उस धरती से आता हूं, सुदूर पाकिस्तान से लगती हुई उस धरती से आता हूं, जिस धरती ने इस देश के 120 करोड़ निवासियों का सिर सम्मान के साथ ऊंचा करने के लिए परमाणु बम का धमाका अपने गर्भ में सहन किया है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। साथ ही साथ मैं अपने नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसने मुझमें विश्वास व्यक्त किया और साथ ही साथ मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे इस मंदिर में उनका प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया।

माननीय सभापति महोदय, जहां इस सदन में मंगल ग्रह पर यान भेजे जाने पर चर्चा हो रही है, जहां इस सदन में बुलेट ट्रेन चलाने पर चर्चा हो रही है, मैं बहुत दुख के साथ इस बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, क्योंकि, दुर्भाग्य से अकाल हमारा सहोदर है और प्राकृतिक विपदाएं हमारे भाग्य में लिखी हुई हैं, मैं उस धरती से आता हूं, जिस धरती पर आज इस 21वीं सदी में भी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 10 लीटर की दर से भी पानी मिलना सुलभ नहीं है। मैं आपके माध्यम से इस सदन और सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र की उस जनता के लिए, जिसे पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, जिसके पशुओं को, क्योंकि, पशुपालन मेरे क्षेत्र की जनता का मुख्य आजीविका का साधन है। हमारे पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और इस विकट परिस्थिति में, जहां पशुओं की लगातार बिना पानी के मृत्यु हो रही है, मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि तुरन्त इस क्षेत्र में, इस दिशा में व्यवस्था करें और हमारे पशुओं को, और विशेष रूप से जो गायें हमारी खत्म हो रही हैं,उन्हें बचाने की दिशा में काम करें।